# Greenlawns School - Worli

प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन - 2017-2018

कक्षा :- सातवीं | पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 25.09.2017 | समय :- 2 घण्टे

---

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2. शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं ।

---

विभाग - अ

भाषा - विभाग


प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. मेरा प्रिय संत ।

ii. किसी ऐसे व्यक्ति का वर्णन कीजिए जिसका आपके जीवन पर प्रभाव पड़ा हो ।

iii. एक मजदूर बालक की आत्मकथा ।

iv. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और उससे संबंधित जो विचार आपके मन में आते हैं, उनका वर्णन कीजिए :-



इस प्रश्न पत्र के पृष्ठों की संख्या 6 है ।

प्रश्न 2) निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखिए :- ( लिफाफा आवश्यक ) (7)

अपने छोटे भाई को खेलों से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (10)

झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई वीरता और देश भक्ति की प्रतीक मानी जाती हैं । स्वतंत्रता इतिहास की वह प्रेरणा - स्त्रोत हैं । रानी लक्ष्मी बाई ने जिस वीरता , युद्धकला और साहस का परिचय दिया था वह अनुपम है ।

लक्ष्मीबाई का जन्म सन् 1811 ई. में काशी में हुआ था । उनके पिता का नाम मोरोपन्त और माता का नाम भगीरथी था । बचपन से ही उसे घुड़सवारी, तलवार चलाना , भाला - बरछा फैंकना और बन्दूक का निशाना लगाने का शौक था । वह तरह - तरह के व्यायाम करती ।

लक्ष्मीबाई का विवाह झाँसी के राजा गंगाधर राव के साथ हुआ किन्तु शीघ्र ही उसके पति का स्वर्गवास हो गया । अंग्रेज सरकार ने उनका राज्य छीन लेने की धमकी दी । उसके गोद लिए बालक को झाँसी का वारिस स्वीकार नहीं किया । पर रानी जीते जी झाँसी का राज्य देने को तैयार न थी । अंग्रेजों ने दुर्ग पर हमला किया । रानी ने डटकर शत्रुओं से लोहा लिया । परंतु अंग्रेजों की विशाल सेना के आगे रानी की सेना बहुत समय तक न टिक सकी । झाँसी का किला अंग्रेजों के हाथ लग गया । रानी ने ग्वालियर आकर पुन: सेना संगठित की और अंग्रेजों की सेना से युद्ध किया ।

लड़ाई में रानी के वीर सैनिक मारे गये । रानी ने भी भीषण युद्ध किया - परन्तु रानी लड़ते - लड़ते घायल हो गई थी । नाला पार करते समय पीछे से दो अंग्रेज़ सैनिकों ने रानी पर आक्रमण किया , रानी का घोड़ा भी नया था - पर उसने दोनों को मार गिराया । लेकिन रानी को गहरी चोट आई थी । रानी ने अपने सेवकों से कहा , " देखना , शत्रु मेरे शरीर को हाथ न लगा पाएँ । "

रानी के सेवक उन्हें एक साधु की कुटी में ले गए वहाँ पहुँचते ही उनके प्राण पखेरू उड़ गए और उसी कुटिया में रानी का शव जला दिया गया ।

रानी लक्ष्मीबाई ने मरते दम तक जो वीरता दिखाई वह आज भी भारतीय वीरांगनाओं का आदर्श बनी हुई है । इतनी कम आयु में लक्ष्मीबाई ने जिस साहस और युद्धकला का परिचय दिया वह बहुत कम नेताओं में होता है । आज भी जब किसी नारी को साहसपूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया जाता है तो महारानी लक्ष्मीबाई का नाम अवश्य लिया जाता है । उसकी गौरव गाथा सदियों तक अमर रहेगी । वह अपने पीछे स्वतंत्रता की मशाल जला गई और अमर हो गई ।

प्रश्न :-

i. रानी लक्ष्मीबाई को वीरता का प्रतीक क्यों माना जाता है ? (2)

ii. रानी को बचपन से ही क्या शौक थे ? (2)

iii. विधवा होने पर रानी को किससे और क्यों लड़ना पड़ा ? (2)

iv. पराक्रमी होते हुए भी रानी क्यों हार गई ? (2)

v. रानी लक्ष्मीबाई से आपने क्या शिक्षा ली ? (2)

## व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. निम्नलिखित शब्दों के २ पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (2)

1. अधिकार 2. इच्छा

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (1)

1. अनुरक्त 2. अगला

iii. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए :- (1)

1. जो गिना न जा सके 2. जो अंडे से जन्म लेता है

iv. लिंग बदलिए :- (1)

1. विद्वान 2. बूढ़ा

v. वचन बदलिए :- (1)

1. नारी 2. रास्ता

vi. अशुद्ध शब्द को शुद्ध कीजिए :- (1)

1. अभीनेता 2. आर्शीवाद

vii. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-(कोई २) (3)

1. अपने में न होना 2. अंदर होना

3. अंग टूटना

viii. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :- (3)

i. दीदी बाज़ार से कुछ लाई है । 1

( सर्वनाम शब्द को पहचानकर भेद लिखिए । )

ii. मनीषा भली औरत है । 1

( विशेषण शब्द पहचानकर भेद लिखिए ।)

iii. नरेंद्र मोदी ने भाषण दिया । ½

( रेखांकित कारक का भेद लिखिए । )

iv. हे ईश्वर मेरी रक्षा करो ½

( विराम चिह्न का प्रयोग कर वाक्य दुबारा लिखिए । )

## विभाग - ब

## साहित्य - विभाग ( गद्य - विभाग )

प्रश्न 5) अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (12)

i. संत रविदास के जन्मकाल में सामाजिक वातावरण कैसा था ? समझाइए ।

ii. करीम की खुशी कब गायब हो गई और क्यों ?

iii. संत रविदास ने समाज को क्या संदेश दिया ? अपने शब्दों में लिखिए ।

iv. करीम को जनार्दन की कौन - सी बात सही लगी और क्यों ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :- (3)

i. संत रविदास का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

ii. लड़का जल्दी - जल्दी कदम क्यों बढ़ा रहा था ?

iii. संत रविदास के अनुसार जात पाँत की बातें कौन करता है ?

प्रश्न 6) अ) रिक्त. स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (3)

i. हँसी हमेशा ................ होती है ।

ii. करीम ................. होकर खेल देखने लगा ।

iii. संत रविदास जी प्रेम के ............... थे ।

iv. रविदास पृथक कैसे भए , .................. और .................. ।

v. ................... मिलते ही करीम की बाँहें फड़फड़ाने लगीं ।

आ) निम्नलिखित वाक्य किसने - किससे कहा लिखिए :- (3)

i. " अरे बेवकूफ़ ! "

ii. " तो मैं जाता हूँ रे ! "

iii. " मुझे एक बार खेलने का मौका देकर देखना । "

उ) शब्दार्थ लिखिए :- (3)

1. अविवेक
2. निर्वाण
3. वेदना
4. निर्भयता
5. सहिष्णुता
6. यज्ञोपवीत

पद्य - विभाग

प्रश्न 7) अ) निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर लिखिए :-

1. जागो ! हे जागो ! इस कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए । (1½)

2. कवि ने नारी को महानतम क्यों कहा है ? (1½)

उलटकर देखिए

आ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियों का संदर्भसहित भावार्थ लिखिए :- (2+3)

" लक्ष्मी , दुर्गा , सीता और सावित्री है ,
आँचल में इसके दूध , सुखद ये छाया ,
दुष्ट , दुराचारी को अंगार दहकता ;
प्रलंयकारी महाकाल - सी नारी है ।
विद्या , कर्म - धर्म की ज्ञाता ,
बल - बुद्धि और ज्ञान की दाता है । "

इ) शब्दार्थ लिखिए :- (2)

1. अवतरित
2. महाकाल
3. अंचल
4. अमन

## बाल - रामायण

प्रश्न 8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

i. राजा दशरथ का चरित्र चित्रण कीजिए । (2)

ii. राम के अयोध्या न लौटने पर भरत ने क्या किया ? (2)

iii. कैकयी ने राजा दशरथ से क्या वर माँगे तथा क्यों ? (2)

---------------- स मा प्त ----------------